नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 180/2021
Dt-13-6-2021

कार्यपालक अभियंता,
विद्युत आपूर्ति प्रमंडल,
झंझारपुर।

विषयः– **मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर के तीनों प्रखंड में पूर्व से अधिष्ठापित ट्रांसफार्मरों के अतिरिक्त नये ट्रांसफार्मरों का अधिष्ठापन कराने के संबंध में।**

मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर के तीनों प्रखंड यथा झंझारपुर, लखनौर एवं मधेपुर (छः पंचायत) में कतिपय स्थानों पर उपभोक्ताओं की संख्या एवं विद्युत खपत के दृष्टिकोण से पूर्व से अधिष्ठापित ट्रांसफार्मर की क्षमता अपेक्षाकृत कम है, फलस्वरूप विद्युत आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न होता रहता है। अत्यधिक भार (लोड) वहन के कारण यदा–कदा ट्रांसफार्मर खराब भी हो जाते है अथवा जल जाते हैं, जिससे इसकी मरम्मति कार्य अथवा इसे बदलने की आवश्यकता होती रहती है।

क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उपभोक्ताओं एवं स्थानीय जनता द्वारा अतिरिक्त ट्रांसफार्मर अधिष्ठापन की मांग की जाती है। प्रखंडवार चिन्हित स्थानों की सूची संलग्न है, जहां अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की नितान्त आवश्यकता है।

संलग्न सूची का सर्वेक्षण कराने के उपरांत जनहित में उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने हेतु अतिरिक्त ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 13·6·21

संलग्न–अतिरिक्त ट्रांसफार्मर के अधिष्ठापन हेतु सूची।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in